लापरवाही ठेकेदार की मनमानी, काम में कर कर रहा लीपापोती

कृषि उपज मंडी में बाउंड्री की मरम्मत का घटिया निर्माण

ब्यौहारी। विभागीय अधिकारियो की मिली भगत से ठेकेदार कृषि उपज मंडी समिति ब्यौहारी के प्रांगण में वाउन्ड्री वाल मरम्मत मे घटिया एवं गुणवत्ताहीन समाग्री का उपयोग निर्माण कार्यों मे कर राशि का बंदर बांट किया जा रहा है जिसे कोई देखने सुनने वाला नहीं है।

मजदूरों के भरोसे हो रहा मरम्मत- कृषि उपज मंडी ब्योहारी के प्रांगण मे पूर्व से जो बाउंड्री बनी हुई है उसमे ठेकेदार द्वारा लीपापोती करते हुए पैसा डकारने के फ्राक मे है। कार्य की निगरानी करने वाले भी कमीशन के चक्कर मे झाकने तक नहीं आते है और निर्माण कार्य मजदूरों के देख रेख मे हो रहा है। इस बात से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि काम की गुणवत्ता कैसी होगी मरम्मत कार्य के लिए जो ईटा प्रयोग किया जा रहा है पूरी तरह से घुलनशील है। उक्त कार्य किसके द्वारा कराया जा रहा है, कौन इसकी निगरानी कर रहा है कोई बताने वाला नही है। निर्माण मे लाल रंग की मिट्टी युक्त रेता का उपयोग किये जाने की खबर है।

निर्माण मे हो रहा लीपापोती- सूत्रों द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराये जाने की खबर है इस संबंध में हासिल जानकारी के अनुसार मंडी प्रांगण में पूर्व से ही वाउन्ड्री वाल चारों तरफ़ बना हुआ है कहीं कहीं पूर्व से निर्मित दीवाल का प्लास्टर उखड़ गया है और एक दो जगह करीब दो - दो मीटर दीवाल गिरी है उक्त दीवाल के मरम्मत कार्य का ठेका रीवा के किसी ठेकेदार को दिया गया है सूत्रों ने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए पांच लाख रुपए का ठेका हुआ है जिसमें नये सिरे से दीवाल बनाया जाना चाहिए किन्तु ठेकेदार द्वारा पुरानी दीवाल के ऊपर कूपिंग का काम किया गया है और पुरानी दीवाल का प्लास्टर जहां का उखड़ गया है वहां प्लास्टर कराया गया है।

इनका कहना है

आपके द्वारा जानकारी दी गयी है। कल मै जाकर देखता हूँ। यदि ऐसा है तो उसे बनवाने हेतु ठेकेदार को बोलूंगा।

अभिषेक तिवारी, एसएडीओ ब्योहारी

गड्ढे में तब्दील कर कृषि विभाग का किया नुकसान

ठेकेदार द्वारा जंहा इंटा रखवाया गया है वहां पर कृषि विभाग का मृदा परीक्षण कार्यालय है कार्यालय के सामने लगाएं गये पेवर ब्लाक के ऊपर ईटा लोड वाहन ले जाने के कारण पेवर ब्लाक दब गया है और वहां बड़े बड़े गड्ढे हो गये है जिसके कारण कार्यालय में आने जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है इस संबंध में कृषि उपज मंडी समिति ब्यौहारी के सचिव से जानकारी चाहने पर बताया गया कि हमें कोई जानकारी नहीं है कि काम कौन करवा रहा ठेकेदार कौन है सब काम ऊपर से ही होने की बात बतायी गयी।

खेलते-खेलते नहर में गिरी मासूम की मौत

शहडोल। शहडोल जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के चंदोला गांव में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसे में दो साल की मासूम बच्ची की नहर में डूबने से मौत हो गई। बच्ची का नाम प्रियांशी था और वह पप्पू कोल की बेटी थी। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है, वहीं परिजन गहरे सदमे में हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना के समय बच्ची के माता-पिता पास के खेत में धान रोपाई का काम कर रहे थे। घर पर प्रियांशी अपने बुजुर्ग दादा-दादी के साथ थी। इसी दौरान वह खेलते-खेलते घर के पास स्थित नहर की ओर चली गई और नहर में गिरकर बह गई। करीब एक किलोमीटर दूर नहर में नहा रहे कुछ लोगों की नजर जब बहती हुई बच्ची पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत उसे बाहर निकाला। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद लोगों ने बच्ची की पहचान करने की कोशिश की और जानकारी गांव में फैलाई, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि जब बच्ची घर में नजर नहीं आई तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की थी। तभी गांव में यह खबर फैल गई कि नहर में एक बच्ची की लाश मिली है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुष्टि की कि वह प्रियांशी ही थी। मासूम की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही देवलौंद थाना प्रभारी सुभाष दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

मल्टीडिसिप्लीनरी कॉन्फ्रेंस में पं. शंभूनाथ शुक्ला विवि का गौरव

शहडोल। भोपाल में आयोजित 6वीं अंतरराष्ट्रीय मल्टीडिसिप्लीनरी एप्रोचेज़ इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसईआरटी एक्सीलेंस) सम्मेलन में पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के गणित विभाग ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। गणित विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. रुचि सिंह के निर्देशन में शोधार्थी मनीष तिवारी ने अपने पेपर प्रेजेंटेशन द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं पी.जी. प्रथम वर्ष के छात्र विशेष शुक्ला को यंग रिसर्चर श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त हुआ।यह पुरस्कार अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के प्रधान वैज्ञानिक डॉ नुपुल सिलावट एवं मध्य भारत विज्ञान भारती के अध्यक्ष डॉ अमोघ गुप्ता जी के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर, कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी, संकायाध्यक्ष प्रो. प्रवीण शर्मा, विभागाध्यक्ष प्रो. अमित निगम, तथा गणित विभाग के डॉ. शरद बरवै, आरती द्विवेदी व ज्योति पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि उक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश विदेश से कुल 200 से अधिक शोधार्थियों ने सहभागिता की।

आजाद चौक पर मुस्लिम समाज करेगा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

कलेक्टर, आईजी, एसपी तक पहुंची शिकायत

धनपुरी, नवभारत। बीते शनिवार को धनपुरी नगर में इंस्टाग्राम पर हुई ग्रुप चैट में कक्षा 10 दो बार फेल हो चुके नाबालिग युवक हातिम को मां बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर मुस्लिम धर्म के अल्लाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं जिसके जवाब में हातिम नाम का युवक इस ग्रुप चैट में हिंदू धर्म के देवी देवताओं के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणी करता है। दोनों पक्षों के इस विवाद का सिर्फ एक हिस्सा लेकर (जिसमें हिंदू देवी देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी) राष्ट्रीय बजरंग दल के मेहुल श्रीवास्तव और उसके बुलाने पर आए बंडी बेम्हौरी खन्नाध के कुछ युवक बिना किसी अनुमति के बिना पुलिस को सूचना दिए आजाद चौक धनपुरी में चक्काजाम कर देते हैं नगर की यातायात व्यवस्था चौपट करते हुए मुख्य चौराहे पर उग्र प्रदर्शन करते हैं। इन लोगों के द्वारा पुलिस से बहस भी की जाती है और सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए वीडियो बनाए जाते हैं चौराहे पर पुलिस असहाय बेबस होकर इनका तमाशा देखती हैं और फिर उनके हाथों से ज्ञापन लेकर फोटो सेशन होने के बाद हातिम नाम के युवक के ऊपर बिना मामले की तह तक पहुंचे मुकदमा कायम कर उसे जेल भेज देती है। दूसरे दिन



बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग धनपुरी थाने पहुंचते हैं और इंस्टाग्राम ग्रुप चैट पर जिसकी वजह से हातिम जेल गया था उस पर हिंदू युवकों के द्वारा मुस्लिम धर्म के अल्लाह के खिलाफ कही गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बारे में धनपुरी पुलिस को प्रमाणो सहित शिकायत देते हैं जिसके बाद धनपुरी पुलिस मुस्लिम धर्म के अल्लाह के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ मुकदमा कायम करती है दोनों आरोपियों को थाने लेकर आती है दोनों आरोपी नाबालिक निकलते हैं। इंस्टाग्राम ग्रुप चैट पर हिंदू मुस्लिम युवक एक दूसरे के देवी देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे लेकिन राष्ट्रीय बजरंग दल के मेहुल श्रीवास्तव ने पुलिस प्रशासन से पूरी सच्चाई को छुपाते हुए सिर्फ विवाद का एक हिस्सा सामने लाया और धनपुरी नगर में मुस्लिम समाज के प्रति नफरत पैदा करने की कोशिश की। इस मामले में नगर का सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सैकड़ो की संख्या में धनपुरी थाने में मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ज्ञापन दिया था।

7 दिनों के बाद मुस्लिम समाज करेगा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन- मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा जिला प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि धनपुरी नगर का सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश करने वाले मेहुल श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू और उनके सहयोगी जिन्होंने बिना अनुमति चौराहे में जाम लगाया जिन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से मुस्लिम समाज के प्रति इन घटनाओं का राजनीतिकरण करने की कोशिश की उन सभी पर इस मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो 7 दिनों के बाद मुस्लिम समाज आजाद चौक धनपुरी में शांतिपूर्वक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगा जिसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की होगी।

क्यों छुपाई गई पूरी सच्चाई- बीते शनिवार से धनपुरी नगर में हर कोई यह चर्चा कर रहा है कि जब एक ही इंस्टाग्राम ग्रुप चैट पर हिंदू मुस्लिम देवी देवताओं के प्रति नाबालिक लड़के आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे तो फिर मेहुल श्रीवास्तव के द्वारा पुलिस प्रशासन के सामने पूरा सच क्यों नहीं लाया गया। थाने में शिकायत करने से पहले आजाद चौक धनपुरी में चक्का जाम करने की क्या जरूरत थी।

नगर में लोग चर्चा करते हैं कि सस्ती लोकप्रियता पाने के चक्कर में कुछ लोग शहर का सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश हमेशा करते रहते है। पुलिस प्रशासन यदि समय रहते ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई नहीं करेगा तो इनके हौसले बढ़ते जाएंगे। पुलिस को कम से कम अब इस मामले की तह तक जाना चाहिए और सभी दोषियों के खिलाफ ठोस कार्यवाही करनी चाहिए। सच्चाई छुपाने वाले पुलिस को गुमराह करने वाले लोग नगर के सांप्रदायिक सद्भाव के लिए खतरा बन चुके हैं।

कलेक्टर, आईजी, एसपी तक पहुंची मामले की पूरी जानकारी

धनपुरी नगर का सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश करने वालों की शिकायत कलेक्टर आईजी और पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव तक पहुंच चुकी है। धनपुरी नगर से मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिलकर सारी सच्चाई बताने के लिए सोमवार को भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय गया हुआ था लेकिन तब नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम में गए होने की वजह से एसपी साहब से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात नहीं हुई थी तब प्रतिनिधि मंडल ने डीएसपी हेड क्वार्टर राघवेंद्र द्विवेदी के हाथों में ज्ञापन सौंपा था। गत दिवस मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधिमंडल एक बार फिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव से मिलकर उन्हें इस पूरे मामले की वास्तविकता से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल की बातें ध्यान से सुनी और इस मामले में ठोस एवं निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने जनसुनवाई के माध्यम से जिला कलेक्टर कार्यालय को भी इस मामले से अवगत कराया जनसुनवाई के दौरान उपस्थित जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि हम इस मामले की पूरी जानकारी कलेक्टर साहब को जरूर दे देंगे। प्रतिनिधिमंडल के द्वारा इस पूरे मामले की जानकारी आईजी कार्यालय को भी दी गई है।

स्थानांतरण के बावजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी में ही सेवा दे रहे वाजपेई

शहडोल। म.पी.डब्ल्यू.तरुण जो कि पूर्व में इसका ट्रांसफर शहडोल जिले के ब्यौहारी के सरसी स्वास्थ्य केंद्र में हुआ था जब कि स्वास्थ्य विभाग के मिली भगत से शहडोल जिला मुख्यालय स्वास्थ्य केंद्र में दिनांक18 जुलाई 2025 को ज्वाइन करा दिया गया।

जब स्वास्थ्य विभाग को यही करना था और शासन के पत्र का उलंघन करना था घर बैठे ही सेवा का लाभ ले लेते जब की पत्र में 7 दिवस का समय दिया गया था उक्त अधिकारी द्वारा सरसी ना भेजकर शहडोल मुख्यालय में पदस्थ कर दिया गया और नियम के तहत हेड क्वार्टर में रहना चाहिए ना कि पूर्व कमरे में उस दिनांक से लेकर अभी तक धनपुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाला अभी तक कमरा खाली नहीं गया। माजरा क्या है, समझ के परे है और तो और अब साहब ही बता सकते है और तो और पूर्व में कई सारी घटनाएं उसके रहने से घटित हुई जहां ये पदस्थ था ऐसे ही खराब माहौल बना के रखा चाहे वो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हो चाहे आम जनमानस हो चाहे वो प्रतिनिधि हो कोई भी व्यक्ति इसके क्रिया कलाप से संतुष्ट नहीं था फिर अधिकारी महरबान नजर आ रहे थे अधिकारों से आग्रह है कि धनपुरी का कमरा अतिशीघ्र खाली कराया जाए जिससे कैंपस का माहौल खराब न हो।

जिला परिवहन अधिकारी ने की स्कूली वाहनों की सघन जांच

विद्यार्थियों को सकुशल भेजा घर, 4 वाहन जप्त

शहडोल। जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला परिवहन अधिकारी अनपा खान द्वारा शहडोल नगर में स्कूली वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर 18 वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई, जिनमें से 4 वाहनों को तत्काल प्रभाव से जप्त किया गया।

जिला परिवहन अधिकारी ने कार्मेल कॉन्वेंट विद्यालय के वाहनों की विशेष रूप से जांच की, जिसमें कई अनियमितताएं पाई गईं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि 15 अगस्त 2025 के पूर्व सभी वाहनों के दस्तावेज पूर्ण कराए जाएं। साथ

ही यह सुनिश्चित करने हेतु एक शपथ पत्र भी विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त किया गया कि भविष्य में बिना वैध दस्तावेज वाले वाहन विद्यालय संचालन में शामिल नहीं होंगे। जप्त किए गए वाहन में यात्रा कर रहे विद्यार्थियों को जिला परिवहन अधिकारी ने स्वयं अपने वाहन से उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाया। श्रीमती खान ने सभी विद्यालय संचालकों से अपील की है कि वे अपने-अपने विद्यालयों में उपयोग किए जा रहे वाहनों के दस्तावेज शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्देशों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि सभी विद्यालय संचालक सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना सुनिश्चित करें, जिससे बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा सके।

अतिक्रमण पर कार्रवाई, सात लोगों से वसूला गया जुर्माना

नवभारत, कटनी। शहर के सार्वजनिक मार्गों के अस्थाई अतिक्रमण हटाकर नागरिकों को सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया कराने के मद्देनजर नगर निगम और यातायात पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान घंटाघर, गर्ग चौराहा से खिरहनी ओव्हर ब्रिज तक के अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान सात लोगों द्वारा सार्वजनिक मार्ग में अतिक्रमण कर आवागमन बाधित करते पाए जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करते चालान काटकर 28 सौ रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि संयुक्त अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गो के फुटपाथ, दुकानों के बाहर अव्यवस्थित रूप से वाहन खड़ा कर आवागमन को बाधित करने वाले सात लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 2 हजार 800 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। गौरतलब है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे द्वारा नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से अतिक्रमण विभाग को रोजाना अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है। जिसके अनुपालन में नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा नगर के मुख्य मांगों पर अभियान चलाकर दुकान के आगे फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, हाथ ठेला चालक सहित आवागमन को बाधित करने वालों पर कार्रवाई कर रही है।

कार्यक्रम बालक एवं बालिका छात्रावास निर्माण हेतु किया गया भूमिपूजन

शिक्षक और विद्यार्थियों के मध्य रहे मित्रता का भाव : कलेक्टर

शहडोल। कोई भी विद्यार्थी कमजोर नही होता है, प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है उन प्रतिभाओं को सिर्फ निखारने की आवश्यकता होती है। विद्यार्थियो की प्रतिभा तभी निखार कर सामने आएगी जब शिक्षक और विद्यार्थी के मध्य मित्रता का भाव होगा, शिक्षक विद्यार्थी के प्रति मित्रता का भाव रखते हुए विद्यार्थियो की प्रतिभा निखारने में अपनी महती भूमिका निभाएं। उक्त विचार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जनपद पंचायत सोहागपुर के सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतवई में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में व्यक्त किये।

भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 4 करोड़ 60 लाख रूपये की राशि से निर्मित होने वाले बालक एवं बालिका छात्रावास हेतु वर्चुअली रूप से भूमि पूजन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सदस्य जिला योजना समिति अमिता चपरा ने कहा कि विद्यार्थियो को यदि स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण निर्मित होगा तो अवश्य ही विद्यार्थियो में पढाई करने की इच्छा जाग्रत होती है, विद्यार्थी देष के भविष्य है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा ग्रहण कर कलेक्टर, एसपी, इंजीनियर, डॉक्टर जैसे अन्य महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचकर, अपने गांव, विद्यालय, जिले का नाम रोशन करते हुए देश की सेवा में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। दिल्ली में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम को लाइव प्रसारण किया गया जिसे जनप्रतिनिधियो,अधिकारियों, शिक्षको, विद्यार्थियों सहित जनमानस ने देखा एवं सुना गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सोहागपुर हीरावती कोल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद, जनपद सदस्य मनिहारी बैगा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, डीपीसी अमरनाथ सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा,सरपंच मुन्नी बैगा, प्राचार्य, संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छतवई अर्चना खरे सहित विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

SBI क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-3, एस.बी.आई. मुख्य शाखा शहडोल के ऊपर, पाण्डव नगर, पुराना राजेन्द्र टाकीज के पास, शहडोल पिन-484001

Regional Business Office, Region-3, Above Main Branch Shahdol, Pandav Nagar, Near Old Rajendra Talkies, Shahdol- (M.P.) 484001

दूरभाष क्र./ Phone No. 07652-350012 ई-मेल /email-rm.rboshahdol@sbi.co.in

एसबीआई क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय, क्षेत्र शहडोल की विभिन्न शाखाओं के लिये व्यावसायिक परिसर की आवश्यकता

क्र.	शाखा का नाम	क्षेत्र जहाँ परिसर की आवश्यकता है	अनुमानित कारपेट क्षेत्रफल (Sq.ft.)
1.	मार्केट एरिया उमरिया	वर्तमान शाखा से 200 मी. से 1 किमी. के अंदर	2000-3000
2.	मेन रोड डिण्डौरी	वर्तमान शाखा से 200 मी. से 1 किमी. के अंदर	2000-3000
3.	शहपुरा	वर्तमान शाखा से 200 मी. से 1 किमी. के अंदर	2000-3000

(1) भवन में बिजली, पानी की सुविधा 24 घंटे होनी चाहिए।
(2) भवन व्यवसायिक स्थल पर अच्छी लोकेशन पर स्थित हो, भूतल पर एवं मुख्य मार्ग पर स्थित भवन को प्राथमिकता।
(3) भवन के अधिकार से संबंधित स्वत्व विलेख (टायटल डीड) क्लीयर हो।
(4) भवन को प्रारम्भ में कम से कम 10 वर्षों हेतु किराये पर देने तत्पश्चात प्रत्येक 5 वर्षों के लिए नवीनीकरण हेतु सहमति।
(5) भवन में विद्युत का 30-70 KW लोड (क्षेत्रफल अनुसार) 3 फेस कनेक्शन, भवन स्वामी को स्वयं के व्यय पर उपलब्ध कराना होगा।
(6) भवन के व्यवसायिक कार्य हेतु किराये पर देने की सभी वैधानिक / शासकीय अनुमति प्राप्त होनी चाहिए।
(7) भवन/परिसर में बैंक की आवश्यकता अनुसार एवं मापदंडो द्वारा (सिविल/विद्युत) निर्माण / सुधार कार्य करवाने होगें।
(8) भवन के साथ समुचित पार्किंग (कवर्ड / ओपन) होना आवश्यक है।
(9) बिन्दुओं को ध्यान में रखकर निविदा पत्र (तकनीकी एवं मूल्य बोली) बैंक वेबसाइट www.sbi.co.in की लिंक "procurement news" से डाउनलोड कर उन्हें- दो अलग-अलग लिफाफे में रखकर, दोनों लिफाफों को सीलकर एक बड़े लिफाफे में रखकर दिनांक 30/07/2025 से 12/08/2025 दोपहर 3.00 बजे तक एस.बी.आई. क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-3, एस.बी.आई. मुख्य शाखा शहडोल के ऊपर, पाण्डव नगर, पुराना राजेन्द्र टॉकीज के पास, शहडोल, पिन 484001 में जमा कर सकते है। प्रस्ताव के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से सबंधित शाखा भवन हेतु प्रस्ताव एवं जमा करने वाले का नाम, पता, मोबाइल नम्बर लिखा होना चाहिए।

नोट-बैंक को सभी या किसी भी प्रस्ताव को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

-क्षेत्रीय प्रबन्धक, RBO-III शहडोल